# भारत मौसम विज्ञान विभाग का पूर्वानुमान

drishtiias.com/hindi/printpdf/imd-forecasts-surplus-rains

### प्रीलिम्स के लिये:

भारत मौसम विज्ञान विभाग, ला नीना, एल-नीनो

### मेन्स के लिये:

भारतीय मानसून पर ला नीना, एल-नीनो का प्रभाव

## चर्चा में क्यों?

भारत मौसम विज्ञान विभाग (India Meteorological Department- IMD) के अनुसार , मानसून के उत्तरार्ध में **दीर्घावधि औसत वर्षा के 104%** होने की संभावना व्यक्त की गई है। यह औसत वर्षा, वर्षा की "सामान्य" सीमा के अंतर्गत आती है।

## प्रमुख बिंदु:

- **दीर्घावधि औसत** (Long Period Average-LPA): यह जून से सितंबर माह के दौरान दर्ज की गई वर्षा की औसत मात्रा है जिसकी गणना **50 वर्ष की अवधि** के दौरान की जाती है तथा **हर वर्ष** मानसून के मौसम के लिये वर्षा की मात्रा का **पूर्वानुमान** लगाने के लिये इसे एक बेंचमार्क के रूप में रखा जाता है।
    - भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा देश के प्रत्येक समान क्षेत्र के लिये वर्षा का एक स्वतंत्र **दीर्घावधि औसत (Long Period Average)** निर्धारित किया गया है जिसकी निर्धारित सीमा 71.6 सेमी से 143.83 सेमी तक है।

- भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर वर्षा की मात्रा के आधार पर **पाँच वर्षा वितरण श्रेणियाँ** (Rainfall Distribution Categories) निर्धारित की गई है जो इस प्रकार है-
    - **सामान्य/सामान्य के लगभग (Normal or Near Normal):** जब वास्तविक वर्षा का प्रतिशत स्तर वर्षा के **LPA** का +/- 10% हो, अर्थात LPA के 96-104% के मध्य।
    - **सामान्य से कम (Below Normal): जब वास्तविक वर्षा का स्तर LPA के 10% से कम हो अर्थात LPA का 90-96% के मध्य।**
    - **सामान्य से अधिक (Above Normal):** जब वास्तविक वर्षा LPA का 104-110% हो।
    - **कमी (Deficient):** जब वास्तविक वर्षा का स्तर LPA के 90% से कम हो।
    - **आधिक्य (Excess):** जब वास्तविक वर्षा का स्तर LPA के 110% से अधिक हो।.
- इस वर्ष मानसून के उत्तरार्द्ध में वर्षा की मात्रा के बढ़ने के कारणों में **ला नीना** जैसी स्थितियों को ज़िम्मेदार माना जा रहा है।
    - ला नीना (La Nina) एक जलवायु पैटर्न (Climate Pattern) है जिसमे **पूर्व-मध्य इक्वेटोरियल प्रशांत** (East-Central Equatorial Pacific) में **समुद्री सतह** का **औसत तापमान कम** हो जाता है ।
    - ला नीना, **एल नीनो** (El Nino) के समान ही एक प्रकार की परिघटना है जिसका प्रभाव अल नीनो के विपरीत होता है।

## भारत मौसम विज्ञान विभाग:

- IMD की स्थापना **वर्ष 1875** में की गई थी।
- यह भारत सरकार के **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय** की एक एजेंसी है।
- यह मौसम संबंधी जानकारियों, मौसम पूर्वानुमान तथा भूकंपीय विज्ञान से संबंधित प्रमुख एजेंसी है।

## स्रोत: द हिंदू